पंजियन सं. 98/1956 श्री दादूदयालवे नमः फोन नं. : 0141–2623136

संचालन समिति, श्री दादू महाविद्यालय व छात्रावास

मोती डूंगरी, जयपुर – 302004

क्रमांक 6837–12997 दिनांक 28.4.2025

माननीय समस्त सदस्यगण

विषय :–संचालन समिति श्री दादू महाविद्यालय एवं छात्रावास जयपुर के निर्वाचन की सूचना।

उपरोक्त विषय में आपको सूचित किया जाता है कि संचालन समिति दादू महाविद्यालय जयपुर का निर्वाचन सम्पन्न करवाने के लिए श्री दादू दयालु महासभा जयपुर की कार्यकारणी की बैठक दिनांक 02.3.2025 में लिये गये निर्णयानुसार माननीय सभापति महोदय श्री दादू दयालु महासभा व पदेन अध्यक्ष संचालन समिति श्री दादू महाविद्यालय एवं छात्रावास जयपुर के आदेश क्रमांक 8797 दिनांक 26.4.2025 के द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को सहायक निर्वाचन अधिकारी के रुप मे नियुक्त किया गया है। अतः संचालन समिति श्री दादू महाविद्यालय व छात्रावास जयपुर के निर्वाचन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आप सादर आमंत्रित है। निर्वाचन सम्बन्धी अधिक जानकारी संस्था कार्यालय व www.dadumahasabha.in पर प्राप्त कर सकते है।

संचालन समिति के **सदस्य** के निर्वाचन के लिये नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की निम्न श्रेणिया है :–

(1.) दानदाता सदस्य :– संस्था को एक समय में 2,000/– रूपयें या इससे अधिक या बारह महीने या इससे अधिक की निरन्तर कालावधि के लिये कम से कम 50/– रूपयें दान देने के साथ श्री दादू दयालु महासभा जयपुर का सदस्य हो वही व्यक्ति दानदाता सदस्य के लिये उम्मीदवार हेतु नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकेगा। ऐसे सदस्यो का निर्वाचन करने के लिये सदस्यों की संख्या अधिकतम पांच है जिसके लिए नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

(2.) पूर्व स्नातक :– श्री दादू आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर से जिसने स्नातक की उपाधि प्राप्त की हो व श्री दादूदयालु महासभा जयपुर का सदस्य हो उम्मीदवार हेतु नामांकन–पत्र प्रस्तुत कर सकेगा। ऐसे निर्वाचित किये जाने वाले सदस्य की संख्या एक है, जिसके लिये नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

(3.) साधारण सदस्य :– वह व्यक्ति जो श्री दादूदयालु महासभा का सदस्य है, वह उम्मीदवार हेतु नामांकन–पत्र प्रस्तुत कर सकेगा। ऐसे निर्वाचित होने वाले सदस्यों की संख्या 2 है, जिसके लिये नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

निर्वाचन कार्यक्रम

क्र सं.	दिनांक	विषय	समय
1.	दिनांक 04.6.2025 बुधवार	उम्मीदवार नामांकन पत्र प्रस्तुत करना	प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक
2.	दिनांक 04.6.2025 बुधवार	नामांकन पत्रों की जांच	मध्यान पश्चात 2.15 से 3 बजे तक
3	दिनांक 04.6.2025 बुधवार	सही पाये गये नामांकन पत्रो की घोषणा	मध्यान पश्चात 3.15 बजे नोटिस बोर्ड पर
4	दिनांक 04.6.2025 बुधवार	नाम वापसी	मध्यान पश्चात 3.20 से 5 बजे तक
5	दिनांक 04.6.2025 बुधवार	नाम वापसी के बाद उम्मीदवारों की घोषणा व सूची का प्रकाशन (श्रेणीवार)	सायं 5.30 बजे नोटिस बोर्ड पर
6	दिनांक 05.6.2025 गुरुवार	आवश्यकता होने पर मतदान	प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक
7	दिनांक 05.6.2025 गुरुवार	निर्वाचन परिणाम की घोषणा	मध्यान पश्चात 3 बजे

आप अपने मंडल क्षेत्र के प्रतिनिधि/सदस्य होने के नाते मण्डल क्षेत्र के सदस्यों को उक्त निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी देना आपका पूर्ण उत्तरदायित्व है। अतः उक्त निर्वाचन कार्यक्रम से आप अपने मण्डल क्षेत्र के सभी सदस्यों को अवगत करावें। निर्वाचन के उक्त कार्यक्रम एवं श्रेणीवार सदस्यों के लिए आप एवं आपके मण्डल के सभी सदस्य उम्मीदवार हेतु नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। इस प्रकार कुल आठ सदस्यों का निर्वाचन श्री दादूदयालु महासभा जयपुर की कार्यकारिणी (मतदाता) द्वारा किया जायेगा।

(था0 शंकर दास स्वामी)
सहायक निर्वाचन अधिकारी
संचालन समिति श्री दादू महाविद्यालय एवं छात्रावास, जयपुर

क्रमांक :– 12998–13009 **दिनांक 28.4.2025**

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. श्रीमान् प्रमुख शासन सचिव महोदय देवस्थान विभाग, शासन सचिवालय जयपुर।
2. श्रीमान् प्रमुख शासन सचिव महोदय, संस्कृत शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय जयपुर।
3. श्रीमान् रजिस्ट्रार संस्थाऐं जयपुर।
4. श्रीमान् निदेशक संस्कृत शिक्षा विभाग, जयपुर।
5. श्रीमान् आयुक्त महोदय, देवस्थान विभाग, उदयपुर।
6. श्रीमान् सहायक आयुक्त महोदय, (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर।
7. श्रीमान् सभापति महोदय (निर्वाचन अधिकारी) श्री दादू दयालु महासभा जयपुर।
8. श्रीमान् मंत्री महोदय श्री दादू दयालु महासभा, जयपुर।
9. समस्त माननीय पदाधिकारी एवं सदस्यगण कार्यकारिणी श्री दादू दयालु महासभा, जयपुर।
10. श्रीमान प्राचार्य महोदय, श्री दादू महाविद्यालय जयपुर
11. सूचनापट्ट श्री दादू दयालु महासभा जयपुर/संचालन समिति श्री दादू महाविद्यालय व छात्रावास, जयपुर।
12. सुरक्षित पत्रावली।

(था0 शंकर दास स्वामी)
सहायक निर्वाचन अधिकारी
संचालन समिति श्री दादू महाविद्यालय एवं छात्रावास, जयपुर